पुरानी नियमावलीकी मांगको लेकर शिक्षा निदेशालयका घेराव, सड़क किया जाम

चेतावनी, जब तक मुख्यमंत्री अपना वादा पूरा नहीं करते तब तक जारी रहेगा आंदोलन

टीजीटी-पीजीटी भर्ती में पुरानी नियमावली के अनुसार एक अवसर दिए जाने की मांग को लेकर शनिवार को छात्र-छात्राओं ने शिक्षा निदेशालय का घेराव किया। देर शाम तक कोई निदेशालय की ओर से कोई सकारात्मक रवैया न अपनाने पर वह गेट के सामने सड़क जाम कर दिया। जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। किसी तरह उन्हें समझा कर सड़क से हटाया गया। आंदोलनरत अभ्यर्थियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं होती और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपना वादा पूरा नहीं करते, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।



अभ्यर्थियों की प्रमुख मांग है कि टीजीटी-पीजीटी भर्ती में पुरानी नियमावली के अनुसार उन्हें एक अवसर प्रदान किया जाए। छात्रों का कहना है कि वे लंबे समय से इस मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें मुख्यमंत्री की ओर से किए गए आश्वासन के पूरा होने की उम्मीद है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे आशुतोष पांडेय ने कहा कि छात्रों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। सरकार और प्रशासन को अभ्यर्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए तथा मुख्यमंत्री को अपना वादा पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हजारों छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं और उन्हें न्याय मिलने तक अपनी आवाज उठाने का अधिकार है। आंदोलनरत छात्रों ने दो टूक कहा कि जब तक उनकी बात नहीं सुनी जाती, उनकी मांगों पर ठोस निणन्य नहीं लिया जाता और मुख्यमंत्री अपना वादा पूरा नहीं करते, तब तक वे शिक्षा निदेशालय पर डटे रहेंगे। छात्रों ने सरकार से मांग की है कि टीजीटी-पीजीटी अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुरानी नियमावली के अनुसार एक अवसर देने के संबंध में शीघ्र निणन्य लिया जाए, ताकि लंबे समय से संघर्ष कर रहे अभ्यर्थियों को राहत मिल सके। आंदोलनकारियों का संदेश स्पष्ट है कि छात्रों के हितों की अनदेखी बंद हो, मुख्यमंत्री अपना वादा पूरा करें और अभ्यर्थियों को पुरानी नियमावली के अनुसार एक अवसर दिया जाए।

जातिसूचक टिप्पणीका विरोध करनेपर युवकको पीटा

सिविल लाइंस में जातिसूचक टिप्पणी करने का विरोध करने पर युवक और उसके दोस्तों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। प्रियांशु कन्नौजिया की मां किरन कन्नौजिया ने मोहल्ले के फैज उर्फ रेहान पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते सिविल लाइंस थानामें एफआईआर दर्ज करायी है। ताशकंद मार्ग निवासी किरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २१ अक्टूबर की शाम करीब सात बजे प्रियांशु अपने दो दोस्तों अरहान अली और कार्तिकेय के साथ जा रहा था। आरोप है कि तभी फैज उर्फ रेहान ने अपनी गाड़ी रोककर प्रियांशु को गाली दी और जातिसूचक टिप्पणी की। विरोध करने पर आरोपित मारपीट करने लगा। उसने प्रियांशु का कालर पकड़कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में प्रियांशु को अंदरूनी चोटें आईं, जबकि उसके दोस्तों को भी चोट लगने की बात कही गई है। सिविल लाइंस पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

किसानोंको अपने हककी लड़ाई खुद लड़नी होगी-टिकैत

किसान क्रान्ति महापंचायतमें जुटे कई जनपदोंके किसान, सौंपा १२ सूत्रीय ज्ञापन

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सोमवार को प्रयागराज में थे। वह खुद ट्रैक्टर चलाकर मुण्डेरा स्थित किसान क्रान्ति महापंचायत में पहुंचे। मंच से देश की मौजूदा राजनीति, चुनावी वादों और किसानों के मुद्दों को लेकर चर्चा की। कहा कि देश के किसानों को अपने हक के लिए खुद आगे आकर अपनी लड़ाई लड़नी होगी। किसानों पर कर्ज और लागत लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि आमदनी कम हो रही है। जनता का ध्यान असली विकास के मुद्दों, जैसे स्मार्ट मीटर और धान की खरीद से भटकाने के लिए अन्य चीजों का सहारा लिया जा रहा है। मंच से भारतीय किसान यूनियन से जुड़े संघटन के पदाधिकारियों एवं किसानों ने अपनी



समस्याओं को उठाया। एसडीएम सदर एवं एसीपी को प्रयागराज और कौशाम्बी से जुड़ी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित १२ सूत्रीय मांग पत्र भी सौपा।

राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने अपरान्ह मुण्डेरा मण्डी पहुंचे तो प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। हालाकि किसानों की भीड़ को देखकर थोड़ा असहज हुए। फिर बड़ी बेबाकी से एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवेसी पर निशाना साधा। कहा वह भाजपा का आदमी है। बीजेपी के इसारे पर काम करता है। इस बात पर भी जोर दिया कि चुनाव के समय किसानों की आय दोगुनी करने, स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करने और कृषि लागत का डेढ़ गुना मूल्य देने जैसे कई बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर ये वादे अक्सर अधूरे रह जाते हैं। इसके विपरीत, किसानों पर कर्ज और लागत लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि आमदनी कम हो रही है। श्री टिकैत ने कहा कि वैचारिक आंदोलनों के ज़रिए ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है, और देश के किसानों को अपने हक के लिए खुद आगे आकर अपनी लड़ाई लड़नी होगी। आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार और उनका गिरोह देश में विभिन्न स्तरों पर 'चोरी' कर रहा है। सरकार पर मंदिर से चंदा, किसानों का धान, और युवाओं के पढ़े-लिखे होने के बावजूद उनकी नौकरियों की चोरी करने का आरोप लगाया। इसके अलावा राजनीतिक पार्टियों के वोट चुराने का भी दावा किया। उन्होंने आगामी चुनावों, सीटों के बंटवारे और राजनीतिक दलों की रणनीति पर भी चर्चा की, जिसमें विपक्षी दलों की भूमिका और सरकार के दावों पर सवाल उठाए। कहा कि जनता का ध्यान असली विकास के मुद्दों, जैसे स्मार्ट मीटर और धान की खरीद से भटकाने के लिए अन्य चीजों का सहारा लिया जा रहा है।

प्रेम विवाहकी रंजिशमें युवककी हत्या, यमुना कछारमें मिला शव

औद्योगिक क्षेत्रके लवायन कलाका रहने वाला था धीरज तीन नामजद, दो संदिग्धोंसे पुलिस कर रही पूछताछ

औद्योगिक क्षेत्र थाना के लवायन कला गांव निवासी २८ वर्षीय धीरज निषाद की रविवार रात हत्या कर शव नैनी थानाक्षेत्र के यमुना कछार में फेंक दिया गया। सोमवार दोपहर नए यमुना पुल से करीब सौ मीटर की दूरी पर आधे पानी में उसका शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की मां बेला देवी ने प्रेम विवाह की पुरानी रंजिश में हत्या का आरोप लगाते हुए उसके ससुर, चचिया ससुर समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। युवक का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

नैनी संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार लवायन कला निवासी करमचंद का बड़ा बेटा धीरज निषाद नैनी के एडीए कॉलोनी के राजेंद्र यादव की गाड़ी चलाता था। परिजनों के मुताबिक, रविवार रात करीब सवा आठ बजे वह ड्यूटी से घर लौटा। इसके थोड़ी देर बाद बाइक लेकर शौच के लिए बोलकर घर से निकला था। रात में छोटे भाई समीर ने गांव में एक जगह धीरज को बैठा देखा। लेकिन, देर रात तक घर नहीं लौटे और मोबाइल स्विच ऑफ होने से परिजन तलाशते रहे। सोमवार सुबह परिजन उस जगह पहुंचे, जहां धीरज को आखिरी बार बैठे देखा गया था। वहां खून के निशान और शराब की बोतल पड़ी मिली। इधर, दोपहर करीब तीन बजे नए यमुना पुल के पास कछार में धीरज का रक्तरंजित शव मिला। चेहरे और गर्दन पर कट के निशान थे, जबकि दोनों आंखें सूजी हुई थीं। धीरज की बाइक और मोबाइल भी गायब हैं। मृतक की मां बेला देवी ने पुलिस को बताया कि वर्ष २०१९ में धीरज ने गांव के रज्जन निषाद और सज्जन निषाद की भतीजी सुनीता से घर से भागकर प्रेम विवाह किया था। दंपती के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा परम सुख छह वर्ष का है, जबकि छोटा बेटा रामसुख का जन्म दो जनवरी २०२६ को हुआ था। आरोप है कि प्रेम विवाह की वजह से ससुराली रंजिश रखते थे। इसी पुरानी रंजिश में रज्जन और सज्जन ने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर धीरज को अगवा कर हत्या कर दी। इसके बाद शव को कछार में ले जाकर फेंक दिया। एडीसीपी यमुनानगर विजय आनंद ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर गांव के ही रज्जन निषाद व सज्जन निषाद और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना को खुलासा कर दिया जायेगा।

पूरी मजबूतीके साथ चुनाव मैदानमें उतरेगा ओबीसी मोर्चा - ज्योति सोनी



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चाकी प्रदेश महामंत्री का पार्टी कार्यालयमें अभिनन्दन

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री ज्योति सोनी का सोमवार को पार्टी कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि २०२७ के विधानसभा चुनाव में ओबीसी मोर्चा पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने के बाद पहली बार ज्योति सोनी का सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में आगमन हुआ। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश महामंत्री ज्योति सोनी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वागत से अभिभूत प्रदेश महामंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओ के प्रति आभार जताया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री ज्योति सोनी ने कहा कि सपा, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने पिछड़ा वर्ग को सिर्फ वोट बैंक समझा था, परन्तु भाजपा संगठन और सरकार में ओबीसी वर्ग को वास्तविक सम्मान मिला है।कहा कि २०२७ में ओबीसी मोर्चा पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा। आज डबल इंजन सरकार में महिलाएं सुरक्षित हैं। बहन बेटियां आधी रात को भी निर्भय होकर आ जा सकती हैं। जनता विपक्ष के भ्रम में नहीं आने वाली। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम मौर्य ने किया। ओबीसी मोर्चा महानगर प्रभारी मनोज कुशवाहा, मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राजेश निषाद, रमेश पासी, अनुज कुशवाहा, राजू पटेल, अनिकेत जायसवाल, लकी साहू, धर्मेंद्र सिंह पटेल, अंगद पटेल सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

काली स्वांग नृत्य नाटिकाने दर्शकोंका मोहा मन

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्रे ओर से सोमवार की सांस्कृतिक संध्या लोकगीत, शास्त्रीय संगीत और लोकनृत्यों से सराबोर रही। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं, वहीं शिल्प हाट में देश के विभिन्न हिस्सों से आए शिल्पकारों के हस्तनिर्मित उत्पाद भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। लोगों ने दीपावली की खरीदारी के साथ भारतीय कला और लोक संस्कृति का आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. विवेक निगम केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा और सलाहकार कल्पना सहाय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत सुभाष चंद्र यादव एवं दल के बिरहा गायन से हुई। कलाकारों ने हनुमान जी और माता अंजनी के मिलन प्रसंग पर आधारित बिरहा प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। 'बिमानवां अकास में उड़ा, माई अंजन के करवा दे दर्शनवा' की प्रस्तुति पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। ब्रह्मनाद प्रतियोगिता में शास्त्रीय वादन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले रतन ने राग पुरिया धनश्री में बांसुरी वादन प्रस्तुत किया। सोनभद्र से आए बनारसी एवं उनके साथी कलाकारों ने कर्मा और धावा पूर्वइया लोकनृत्यों की प्रस्तुति देकर क्षेत्रीय लोक परंपराओं की जीवंत झलक पेश की। इसके बाद प्रयागराज के रोहित काली ने काली स्वांग नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। संगत कलाकारों में देवानंद ने हारमोनियम, अशोक कुमार ने ढोलक, नरसिंह बहादुर ने करताल और रामनरेश ने मंजीरा पर संगत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकांक्षा पाल ने किया। दीपावली शिल्प मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिल्पकारों की कलाकृतियां और हस्तनिर्मित उत्पाद भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

कारोबारीके मौतकी वजह स्पष्ट नहीं, विसरा प्रिजर्व

कोतवाली थानाक्षेत्र स्थित एक होटल में मृत मिले सब्जी कारोबारी के मौत की वजह पोस्टमार्टम के बाद भी स्पष्ट नहीं हो सकी। सूत्रों के मुताबिक मौत की वजह स्पष्ट नहीं होने के कारण अग्रिम जांच के लिए विसरा प्रिजर्व किया गया है।

गौरतलब है कि शाहगंज थानाक्षेत्र के सब्जी मंडी निवासी ५७ वर्षीय मोहम्मद अफरोज सब्जी के थोक कारोबारी थे। रविवार सुबह वह घर से लोकनाथ जाने के लिए निकले तो घंटों वापस नहीं लौटे। इसे लेकर परिजन परेशान थे और उनका पता लगाने में जुटे थे। उनसे मोबाइल पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा था। शाम करीब चार बजे पुलिस से उनके स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में होने की सूचना मिली। परिजन पहुंचे तो वहां अफरोज का शव मिला। अफरोज की मौत कैसे हुई इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। परिजन भी मौत का कारण जानने को लेकर उत्सुक रहे। सभी को उम्मीद थी कि पोस्टमार्टम के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

न ओटीपी, न लिंक खोला, फिर भी खातेसे उड़ गये १.१७ लाख रुपये

साइबर ठगों ने दारागंज के बक्शी खुर्द निवासी एक व्यक्ति की पत्नी के दो बैंक खातों से १.१७ लाख रुपये पार कर दिए। न तो किसी को ओटीपी बताया गया और न ही किसी अज्ञात लिंक को खोला गया। इसके बावजूद दोनों खातों से रकम निकल गई। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ काररवाई के लिए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित अकेला नंद सवेरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी के बैंक खाते से २४ फरवरी को ४७ हजार रुपये निकल गए। इसके अगले दिन २५ फरवरी को सुबह दूसरे बैंक खाते से ७० हजार रुपये की निकासी हो गई। इस तरह दोनों खातोंसे कुल १.१७ लाख रुपये निकल गए। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने किसी के साथ ओटीपी साझा नहीं किया था और न ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया था। इसके बावजूद खाते से रकम निकलने से वह परेशान हैं। दारागंज पुलिसका कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांचकी जा रही है।

मण्डीमें फलोंके भावमें हो रहा बदलाव

मंडी में फलों के थोक रेट में बदलाव हो रहा है। मंडी में गुणवत्ता के आधार पर फलों के दामों में अन्तर अलग-अलग आढ़त पर होता है। थोक बाजार में मौसमी रु ११०० से १२०० रुपया बोरी है। प्लम फल रु १२०० में ८ किलोग्राम की पेटी मिली। सेब रु ७०० से लेकर १२०० रुपया में १६ किलोग्राम की पेटी बिकी। अनानास रु ३० से ६० रुपये प्रति पीस था।

सरायइनायतमें पिस्टल अड़ाकर पिकअप चालकसे लूट

केला लादकर वाराणसी जा रहा था पीड़ित, विरोधपर मारपीट गाड़ीमें तोड़फोड़, मुकदमा

सरायइनायत थाना क्षेत्र के जगबंधनपुर गांव के सामने हाईवे पर रविवार देर रात दो बाइक सवार चार बदमाशों ने पिकअप चालक को पिस्टल के बल पर लूट लिया। बदमाश मोबाइल, नकदी और गाड़ी की चाबी लूटकर फरार हो गए। विरोध करने पर चालक की पिटाई की और पिकअप का शीशा भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वारदात के बाद घंटों सरायइनायत और थरवई पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। बाद में सरायइनायत पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की।

प्रतापगढ़ के कुंडा जमालपुर निवासी शिवम गौतम पिकअप पर केला लादकर वाराणसी जा रहा था। हंडिया-कोखराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सहसों टोल प्लाजा से आगे सहसों पुलिस चौकी क्षेत्र में रिंग रोड कट के पास उसकी गाड़ी का टायर पंक्चर हो गया। शिवम गाड़ी से उतरकर टायर बदल रहा था। इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार बदमाश वहां पहुंचे और उसे घेर लिया। आरोप है कि बदमाशों ने शिवम के साथ मारपीट की और पिस्टल अड़ाकर उसका मोबाइल, नकदी और गाड़ी की चाबी लूट ली। इसके बाद पिकअप का शीशा क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद चालक ने राहगीरों की मदद से पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पिस्टल की मैगजीन मिलने की भी चर्चा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने की बात कही जा रही है, हालांकि पुलिस मैगजीन मिलने से इनकार कर रही है। सरायइनायत थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

वेदोंसे ही इस राष्ट्र की पहचान, प्रचार प्रसारका लें संकल्प

विहिप प्रान्त कार्यालयमें मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव

वेदों से ही इस राष्ट्र की पहचान है। अशोक सिंघल जी की इच्छा थी कि घर-घर वेद पहुंचे। ऐसे में हम सबको वेद प्रचार प्रसार के लिए संकल्प लेना चाहिए। शरद पूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सोमवार को विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यालय केशर भवन में आयोजित कार्यालय में वक्ताओं ने यह विचार व्यक्त किये। वेद विद्यालय महर्षि भारद्वाज वेद विद्यालय में आयोजित वेद पूजन कार्यक्रम में वक्ताओं ने वेदों के प्रचार प्रसार उसके महत्व पर प्रकाश डाला। अशोक सिंघल को याद करते हुए कहा गया कि उनकी इच्छा घर-घर वेद पहुंचे। हम सबको वेद प्रचार प्रसार के लिए संकल्प लेना चाहिए। कहा कि वेदों से ही इस राष्ट्र की पहचान है। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समरस समाज सांस्कृतिक एकता और गौरव जातिगत भेदभाव को समाप्त करने का जो संदेश दिया है, उसका अनुकरण हम सबको करना चाहिए। कहा कि



सनातन संस्कृति के आदि कवि गौरव भारतीय ज्ञान दर्शन मूल्यों को जानने समझने की प्रेरणा हमें उनसे मिलती है। उनके मार्गो पर चलने से हमें पारिवारिक संस्कार और सामाजिक दायित्व और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का बोध होता है। आज का दिन हम सबको भगवान राम द्वारा जो जीवन मूल्य स्थापित किए गए, उसे पर चलने की प्रेरणा लेनी है।कार्यक्रम के अंत में सभी को खीर का प्रसाद दिया गया। इस अवसर पर महानिर्वाणी से महंत यमुना पुरी जी, डा. युगांतर पांडे,एनसी अग्रवाल, प्रांत संगठन मंत्री राजेंद्र ,प्रांत अध्यक्ष कविन्द्र प्रताप सिंह, विभाग संगठन मंत्री आलोक, योगेश तिवारी देशराज कुशवाहा,सुरेश शुक्ला, लवलेश बजरंगी, आचार्य दीपक अवस्थी, सुनील, प्रियांशु शुक्ला, हरिओम, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

करवा चौथ व्रत २९ को, तैयारियोंमें जुटीं सुहागिन महिलाएं

करवा चौथ व्रत २९ अक्तूबर को मनाया जायेगा। यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए कठिन व्रत मनाया गया है। इस दिन महिलाएं पूरे दिन पति की लंबी उम्र की कामना से निर्जला व्रत रखती हैं और चांद देखने के बाद व्रत का पारण करती हैं। यह व्रत हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छी सेहत और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए यह निर्जला (बिना अन्न-जल के) व्रत रखेंगी। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और करवा माता की पूजा करेंगी। रात में चंद्रमा के दर्शन करने और छलनी से चांद एवं पति को देखने के बाद अर्घ्य देकर व्रत खोलेंगी। प्रयागराज में व्रत की तैयारियों में महिलाएं जुटी हुई हैं। व्रत एवं पूजा से जुड़ी खरीदारी इन दिनों प्रमुख बाजारों में देखी जा रही है।

एटीएम बूथपर कार्ड बदलकर खातेसे उड़ाये १.७९ लाख रुपये

मददके बहाने शातिरोंने जालसाजी, कई किस्तोंमें निकाली रकम

अतरसुइया थाना क्षेत्र के कल्याणी देवी स्थित एक बैंक की शाखा के एटीएम में डेबिट कार्ड बदलकर एक व्यक्ति के खाते से १.७९ लाख रुपये निकाल लिए गए। रुपये निकालने में मदद करने के बहाने दो अज्ञात व्यक्तियों ने कार्ड बदल दिया। पीड़ित को इसकी जानकारी तब हुई, जब बैंक शाखा में कार्ड की जांच कराई। अतरसुइया पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर रही है। दरियाबाद निवासी अनूप कपूर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २१ सितंबर को दोपहर करीब १:१८ बजे वह एटीएम से पांच हजार रुपये निकालने गया था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचा और कहा कि उसका ट्रांजेक्शन पूरा नहीं हुआ है। उसने मशीन का टाइमर चलने की बात कहते हुए कार्ड लगाकर ट्रांजेक्शन कैंसिल करने की सलाह दी। पीड़ित ने दो-तीन बार कैंसिलेशन का बटन दबाया, लेकिन प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। इसी बीच पहला व्यक्ति एटीएम से बाहर निकल गया और काली टीशर्ट पहने दूसरा व्यक्ति अंदर पहुंचा। उसने मशीन से कार्ड निकालकर दोबारा लगाने को कहा। पीड़ित के मुताबिक, इसी दौरान आरोपितों ने उसका डेबिट कार्ड बदल दिया और वहां से चले गए। कुछ देर बाद शक होने पर पीड़ित बैंक शाखा पहुंचा और प्रबंधक को जानकारी दी। कार्ड देखने पर प्रबंधक ने बताया कि वह पीड़ित का कार्ड नहीं है। इसके बाद तत्काल कस्टमर केयर से संपर्क कर कार्ड ब्लॉक कराया गया। खाते की जांच में पता चला कि कई किस्तों में कुल १.७९ लाख रुपये निकाल लिए गए हैं।

विशेष ट्रेन के अतिरिक्त फेरे का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या ०७६५१/०७६५२ जालना-छपरा-जालना त्योहार विशेष ट्रेन के अतिरिक्त फेरे का संचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या ०७६५१ जालना -छपरा विशेष प्रत्येक बुधवार ११, १८ एवं २५ नवंबर २०२६ को ३ फेरे, गाड़ी संख्या ०७६५२ छपरा-जालना विशेष प्रत्येक शुक्रवार १३, २० एवं २७ नवंबर २०२६ को ३ फेरे, गाड़ी संरचना - प्रथम सहद्वितीय -२, एसी द्वितीय -१ एसी तृतीय -६, स्लीपर -९, सामान्य ४, एसएलआरडी -२ एवं २४ डिब्बे होंग

भाजपा प्रदेश कार्यसमितिमें रीता जोशी, डा.गौर सहित तीन दर्जनसे अधिक लोग शामिल

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. एमएम जोशी एवं डिप्टी सीएम केशव मौर्य बनाये गये स्थायी आमंत्रित सदस्य

२०२७ को देखते हुए भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा सोमवार को प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई। जिसमे प्रयागराज की पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री डा.नरेंद्र सिंह गौर समेत तीन दर्जन से अधिक लोग शामिल किये गये है। वहीं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मुरलीमनोहर जोशी व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आज प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की। संगठनात्मक रूप से काशी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले प्रयागराज से कई प्रमुख चेहरे प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किये गये हैं। पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र सिंह गौर, विधायक पीयूष रंजन निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, डा. एलएस ओझा, डा. यूबी यादव, यमुनापार के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति व विभावनाथ भारती, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय, शशि वार्ष्णेय, अनामिका चौधरी, डा. ऋचा सिंह, अनीता सचान, बाबूलाल भंवरा, मृत्युंजय तिवारी, कन्हैयालाल पांडेय, उमेश द्विवेदी, संजय पासवान आदि प्रमुख चेहरे शामिल हैं। संगठना ने २०२७ को दृष्टिगत रखते हुए जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की। प्रयागराज से ४० से अधिक नाम प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किये गये हैं।

प्रदेश कार्यसमिति के साथ स्थायी व विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची भी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी द्वारा जारी की गई। काशी क्षेत्र के अंतर्गत प्रयागराज से पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुरलीमनोहर जोशी व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद प्रवीण पटेल, सुरेन्द्र चौधरी, शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य शामिल किये गये हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, डा. शैलेश पांडेय, आनंद सोनकर, रमेश पासी, विक्रमजीत भदौरिया, अनुज कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, अनिल केसरवानी, विवेक मिश्रा, पवन श्रीवास्तव ने बधाई दी।

पांच प्रतिष्ठानोंमें खाद्य टीमके निरीक्षणमें मिली खामियां

ई-कामर्स-क्विक कामर्स खाद्य कारोबियों के खिलाफ सोमवारको आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विशेष अभियान चलाया। पांच प्रतिष्ठान मेसर्स इनोवोटिव कानसेप्ट प्राइवेट लिमिटेड जार्जटाउन एवं सिविल लाइंस, मेसर्स इंस्टाकार्ट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड नैया झूंसी, मेसर्स ब्लिंकिट स्टोर और मेसर्स रिलायंस रिटेल लिमिटेड में कई खामियां सामने आयी, जिसके लिए १४ दिन का समय व्यवस्था सुधारने का समय दिया गया है। निरीक्षण में लाइसेंस, बिल, इनवायस आदि सभी दुरुस्त मिले पर कुछ उत्पादों पर केवल यूज बाई तिथि अंकित है, पैकेजिंग तिथि अंकित नहीं है। निकट अवसान तिथि के उत्पादों को नियमानुसार ४५ दिन पूर्व हटाने के स्थान पर ३० दिन पूर्व हटाया जा रहा है। खाद्य पदार्थों को हैंडल करने वाले कर्मचारियों द्वारा हैंड ग्लब्स का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। साफ-सफाई से सम्बन्धित क्लीनिंग शेड्यूल एवं ट्रैकबिल्टी रजिस्टर मौके पर प्रस्तुत नहीं किया गया।

पत्नीके मायके जानेसे नाराज युवक मोबाइल टावरपर चढ़ा

फोनपर घर वापसीकी कही बात तब दो घंटे बाद उतरा नीचे

थरवई स्थित ४० नंबर गोमती स्थित नई बस्ती में सोमवार दोपहर बाद एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। वह पत्नी के मायके जाने से नाराज था। मौके पर पहुंची थरवई पुलिस ने काफी देर तक उसे समझाया। पत्नी ने मोबाइल पर बातचीत कर वापस घर आने की बात कही, जब जाकर करीब दो घंटे बाद युवक टावर से नीचे उतरा।

हरिसेनगंज का रहने वाला लाल प्रताप मजदूरी करता है। वह थरवई क्षेत्र में किराये का मकान लेकर रहता है। करीब तीन वर्ष पहले उसने सिंगरौली मप्र की रहने वाली काजल से प्रेम विवाह किया था। दोनों का एक वर्षीय बच्चा भी है। एक सप्ताह पहले घरेलू विवाद को लेकर काजल अपने मायके चली गई। कई बार लाल प्रताप ने उसे फोन किया, लेकिन वह वापस लौटने को तैयार नहीं हुई। इससे नाराज होकर लाल प्रताप ४० नंबर गोमती स्थित नई बस्ती में मोबाइल टावर पर चढ़ गया। यह देखकर लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ ही देर में थरवई पुलिस मौके पर पहुंची। उसे नीचे उतरने को कहा गया, लेकिन वह तैयार नहीं हुआ। पुलिसकर्मियों ने मोबाइल से उससे बात की, लेकिन वह यही कहता रहा कि जब उसकी पत्नी आएगी, तभी वह नीचे उतरेगा। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसकी पत्नी का फोन नंबर लिया और फोन किया। उसे पूरी बात बताई, जिसके बाद उसने वापस आने की बात कही। इसके बाद लाल प्रताप नीचे उतरने को तैयार हुआ। पुलिसकर्मियों ने टावर पर चढ़कर उसे नीचे उतारा। थाना प्रभारी पंकज सिंह का कहना है कि लाल प्रताप को समझा-बुझाकर घर भेज दिया गया है। उसकी पत्नी के वापस आने पर दोनों को समझाया जाएगा।

मनायी गयी महर्षि वाल्मीकि जयंती, प्रतिमाका दर्शन कर किया नमन

श्रद्धालुओंने धूमधाम से निकाली शोभा यात्रा

आदि कवि भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। भक्तों ने आदि कवि वाल्मीकि जी महाराज की नई प्रतिमा का दर्शन और विधि विधान से पूजन किया और शाम को महर्षि वाल्मीकि एवं लवकुश की शोभायात्रा पूरे धूमधाम से निकाली।



द आल इंडिया श्री वाल्मीकि यंग मैन एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को आदि कवि भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती आज प्रात: ऋषिकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में मनायी गयी। वाल्मीकि समाज के लोगों ने दो दिन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन राम सिंह कंडारे के द्वारा आदि कवि वाल्मीकि महाराज की नई प्रतिमा का दर्शन एवं पूजन किया। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व मंत्री पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भगवान वाल्मीकि का माल्यार्पण करने के बाद फल मिष्ठान चढ़ाकर उनका पूजन अर्चन एवं आरती की। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि उच्च कोटि के विद्वान एवं भविष्य वक्ता थे, जिन्होंने प्रभु श्री राम के जन्म के पूर्व ही उनके जीवन की पूरी लीलाओं का वर्णन संस्कृत भाषा में करके रामायण की रचना की। जो हम लोगों के लिए आज भी मार्गदर्शन की भूमिका में मार्ग प्रशस्त करती है।

सायं काल महर्षि वाल्मीकि एवं लवकुश की शोभायात्रा पूरे धूमधाम से निकली गई और बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री जगदीश प्रसाद, आयोजन समिति के अध्यक्ष संदीप चौहान, भाजपा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अवधेश चंद गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, उपाध्यक्ष आनन्द सोनकर, पार्षद नीरज गुप्ता, प्रवीण भारती, अमित सिंह, बबलू रघुवंशीकिशन आनंद, पुन्नूलाल, अर्जुन लाल, सुरेश कुमार, सुशील कुमार, पूरन गुरु प्रकाश, प्रदीप चौहान, सविता चौहान, बरखा प्रकाश, निर्मला देवी, मंजू चौहान, पूजा चौहान, राजीव टंडन, गौरीश आहूजा, विनोद सोनकर सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यालय में मनायी गयी जयंती

भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा आज सिविल लाइन स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। मोर्चा कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष संजय पासवान, पार्षद प्रवीण भारती,अंकित कनौजिया, रामनरेश सरोज, सौरभ सिंह पासी, गया प्रसाद, मिथुन भारतीय, अमन कनौजिया, इजहार, नवीन शर्मा, अमित कनौजिया, पृथ्वी, अनुराग सोनकर, शेष कुमार, शुभम आदि उपस्थित रहे।

सिविल लाइंसमें दस दिन बाद देना होगा वाहन पार्किंग शुल्क

चार पहियासे ३० एवं दो पहियासे १५ रुपये लगेगा शुल्क एक माह तक फ्री पार्किंगमें वसूलीका आरोप, नगर आयुक्तने फर्मको किया तलब

सिविल लाइंस क्षेत्र में महात्मा गांधी मार्ग और सरदार पटेल मार्ग पर व्यवस्थित वाहन पार्किंग फिर से शुरू कर दी गई है। पार्किंग के लिए चयनित दोनों फर्म दस दिन बाद से चार पहिया वाहन से दो घंटे के लिए तीस रुपये और दो पहिया वाहन से १५ रुपये दो घंटे के लिए पार्किंग शुल्क वसूलेगी। जिसके बाद प्रतिघंटे क्रमश: १५ एवं सात रुपये चार्ज लगेगा। फिलहाल अभी एक माह तक फ्री पार्किंग की छूट दी गयी है ताकि लोगों को पार्किंग में वाहन खड़ा करने की आदत पड़ जाय। उसके बाद पार्किंग शुल्क लगना शुरू हो जायेगा। बता दें कि पांच साल बाद एमजी मार्ग और एसपी मार्ग (सिविल लाइंस वन एवं सिविल लाइंस टू) की सर्विस लेन पर वाहन पार्किंग को फिर से बहाल किया गया है। लोगों को इस नई व्यवस्था की जानकारी देने और आदत डालने के लिए शुरुआती दौर में पार्किंग को एक महीने के लिए नि:शुल्क रखा गया है। जिसमें बीस दिन बीत चुके हैं। महात्मा गांधी मार्ग पर हनुमान मंदिर से आल सेंट्स कैथेड्रल (पत्थर गिरजाघर) की दिशा वाले हिस्से में सर्विस लेन पर वाहन खड़े किए जा सकेंगे। सरदार पटेल मार्ग पर दोनों तरफ की आखिरी लेन का उपयोग पार्किंग के लिए किया जा रहा है। पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सड़कों के किनारे अवैध रूप से गाड़ी सुधारने के काम (वर्कशाप) और अनधिकृत ठेलों पर रोक लगाई गई है तथा इन्हें हटाने के लिए अभियान भी चलाये जायेंगे। बताया जा रहा है कि दोनों फर्म ही सड़क पर खड़े वाहनों को उठवाकर पार्किंग स्थल पर खड़ा करेगी। एक माह की फ्री पार्किंग व्यवस्था लागू होने के बाद भी कुछ जगहों पर शुल्क वसूलने का आरोप भी लगाया गया है, जिसके बाबत सोमवार को नगर आयुक्त ने दोनों फर्मों के संचालकों को तलब कर जानकारी मांगी है। बताया जा रहा है कि फर्मों को कहना है कि अभी जीरो शुल्क पर पार्किंग करायी जा रही है। जब लोग सड़क पर वाहन खड़ा करेंगे तो उन्हें उठाकर पार्किंग में लगाया जा रहा है, इसमें जो खर्च आयेगा उसका भरपाई ली जा रही है। फिलहाल इस मामले मे नगर निगम की ओर से जल्द वाहन स्वामियों के पक्ष में सकारात्मक काररवाई की जायेगी।